हरिभूमि
रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 17 मई 2024

तापमान
अधिकतम 44 .0 डिग्री
न्यूनतम 23 .5 डिग्री

11 जनस्वास्थ्य विभाग ने गांवों में चलाया अभियान, अवैध कनेक्शन चिंहित कर थमाए नोटिस

12 झुलसाने वाली गर्मी का प्रकोप हुआ शुरू, शाम को बादलों से मामूली राहत

खबर संक्षेप

जमीनी विवाद में भाई को पीटकर घायल किया

बावल। धारण में जमीनी विवाद के चलते भाई के साथ मारपीट करने और धमकी देने के आरोप में केस दर्ज किया गया है। पुलिस बयान में राजेश ने बताया कि उसके पिता ने सभी भाइयों को जमीन बांटकर दे रखी है। जब वह जमीन की जुताई करने के लिए खेत में गया तो उसके भाई महेश ने अपनी पत्नी व बेटे साथ उससे मारपीट की। इन लोगों ने उसे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

मारपीट व धमकी देने के आरोपी गिरफ्तार

रेवाड़ी। कुतुबपुर में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पीड़ित के बयान पर थाना रामपुरा पुलिस ने 7 मई को केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। पुलिस ने कुतुबपुर निवासी गौरव, हेमंत व रामपुरा मोड़ निवासी गुलशन को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने तीनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, उन्हें न्यायिक अभिरक्षा के तहत जेल भेज दिया गया।

कार की टक्कर लगने से तीन लोग घायल

कुंड। पाडला के निकट सड़क किनारे खड़े तीन लोगों को एक कार ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। पाडला निवासी महेश्र अजय व नांवा निवासी राजेंद्र पाडला की फिरनी के पास सर्विस रोड के किनारे खड़े आपास में बात कर रहे थे। इसी दौरान नारनौल की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने तीनों को टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गए। ग्रामीणों ने तीनों को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद कार चालक की तलाश शुरू कर दी।

मारपीट व धमकी देने के मामले में दंपति काबू

कुंड। थाना खोल पुलिस ने गांव बटौड़ी में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में दंपति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर गत 27 अप्रैल को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने बटौड़ी निवासी अनिल और उसकी पत्नी सरोज को गिरफ्तार कर लिया। तफतीश में शामिल करने के बाद दोनों को पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

पति के काम पर जाने के बाद महिला गायब

धारूहेड़ा। कस्बे के एक सेक्टर में किराए के मकान में रह रहे युवक की पत्नी घर से लापता हो गई। मूल रूप से भिवानी के एक गांव निवासी युवक ने पुलिस शिकायत में बताया कि वह गाड़ी चलाता है। 15 मई को जब वह गाड़ी छोड़कर घर लौटा तो उसकी 21 वर्षीय पत्नी घर पर नहीं मिली। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कोई पता नहीं चला। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद महिला की तलाश शुरू कर दी।

छेड़छाड़ व धमकी देने का आरोपी गिरफ्तार

रेवाड़ी। धारूहेड़ा के सेक्टर-6 थाना पुलिस ने महिला से छेड़छाड़ करने और जान से मारने की धमकी देने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एक महिला की शिकायत के आधार पर गत 7 मई को केस दर्ज करने के बाद मामले की जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने पानीपत के कैथ शाहपुर निवासी साहिल को गिरफ्तार कर लिया।

लूट के आरोपियों से प्रोडक्शन वारंट पर पूछताछ

रेवाड़ी। थाना रामपुरा पुलिस ने 9 मई को हुई लूट के मामले में दो आरोपियों को प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। पुलिस ने इस मामले में जींद के उचाना निवासी असलम व हिसार निवासी जुगलनाथ की भूमिका पाई थी। दोनों आरोपी किसी अन्य केस में जेल में बंद थे। उन्हें कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर तीन दिन के रिमांड पर लिया गया है।

शहर से गांवों तक में पेड़ों के बीच से गुजर रहे बिजली के तार, गर्मी के मौसम में आंधी चलने पर हो रहे फाल्ट

पेड़ों में उलझे तार फाल्ट करने के साथ हादसे को तैयार, अफसरों को नहीं कोई परवाह

रेवाड़ी। सेक्टर-3 में पेड़ों के बीच से गुजर रही बिजली लाइन, नेहरू पार्क के सामने टूट कर गिरी पेड़ की टहनी, पेड़ की टहनी गिरने से टूटी डिवाइडर की ग्रिल, अनाजमंडी रोड पर सड़क पर झुके हुए पेड़। फोटो :हरिभूमि

- बरसात आने पर गीले पेड़ होने पर करंट आने की पूरी आशंका
- सड़कों पर झुके पेड़ भी बन रहे हादसे व नुकसान का कारण
- वीरवार को नेहरू पार्क के सामने झुकी टहनी टूटकर गिरने से डिवाइडर की ग्रिल टूटी

हेमंत शर्मा ▶▶| रेवाड़ी

गर्मी के मौसम में अंधड चलने से पेड़ों के बीच से गुजरी रही बिजली की लाइनों के आपस में सम्पर्क में आने से फाल्ट होने समस्या ज्यादा बढ़ जाती है। फाल्ट होने पर बिजली निगम के कर्मचारियों को इसे ढूंढने में काफी मशक्कत करनी पड़ी है तथा भीषण गर्मी में फाल्ट के कारण बिजली भी गुल रहने ने लोगों के पसीने छूट जाते है। अक्सर बरसात के कारण गीले पेड़ों के बिजली लाइनों के संपर्क में आने से करंट प्रवाहित होकर हादसे होते रहते हैं। हालांकि मानसून अभी नहीं आया है, लेकिन शहर से गांवों तक में पेड़ों के बीच से गुजर रहे बिजली के तार फाल्ट का कारण बन रहे है। इस समय शहर से लेकर अधिकांश गांवों तक में बिजली की लाइनें कई स्थानों पर पेड़ों के बीच से गुजर रही हैं। काफी पेड़ों की भारी-भरकम टहनियां सड़क पर लटक रही है, जिससे पेड़ भी सड़क पर झुक गए है। अंधड चलने से यह पेड़ सड़कों पर गिरकर यातायात बाधित करने के साथ हादसों को भी अंजाम दे सकते है। वीरवार को महाराणा प्रताप चौक से अनाजमंडी रोड पर नेहरू पार्क के सामने सड़क पर झुके पेड़ की भारी-भरकम टहनी टूटकर सड़क पर गिर गई, जिससे सड़क पर बने डिवाइडर पर लगी लोहें की ग्रिल टूट गई, गनीमत यह रही कि सुबह के समय सड़क पर यातायात नहीं होने से हादसा टल गया। सड़क पर झूलते इन पेड़ों को लेकर न तो वन विभाग सजगता दिखा रहा है और न ही बिजली निगम पेड़ों से बिजली लाइन को अलग कर रहा है।

टहनियों को काटने के लिए दोनों विभागों को वन विभाग से परमिशन लेना जरूरी

शहर में जितने भी बिना नंबर के पेड़ है वह सब नगर परिषद के अधीन आते है। इनकी कटाई-छंटाई का कार्य नगर परिषद को करवाना होता है तथा बिजली के तारों से टच होकर गुजर रही टहनियों को काटने का कार्य बिजली निगम का होता है। टहनियों को काटने के लिए दोनों विभागों को वन विभाग से परमिशन लेना जरूरी है।

-संदीप यादव, आरएफओ, रेवाड़ी रेंज।

कटाई-छंटाई के लिए अनुमति लेना जरूरी

निगम के कर्मचारी अक्सर सर्दी या बरसात से पहले बिजली लाइनों के संपर्क में आने वाले पेड़ों की छंटाई का कार्य करते हैं। पेड़ काटने की उन्हें अनुमति नहीं होती। वह उन टहनियों को काटते हैं, जो बिजली की लाइनों के संपर्क में आ जाती हैं। इस समय सैकड़ों स्थानों पर बिजली की लाइनें पेड़ों की टहनियों से गिरी हुई हैं। बिजली निगम के कर्मचारी कुछ ही स्थानों पर टहनियां काटकर खानापूर्ति कर लेते है। वन विभाग की ओर से पेड़ों की कटाई-छंटाई पर कम ही ध्यान दिया जाता है।

सड़कों के साथ गुजरती लाइनों से खतरा

सड़कों के किनारे लगभग सभी रोड के समानांतर बिजली की लाइनें गुजर रही हैं। इन लाइनों से पेड़ों की टहनियां सटी हुई हैं। ऐसे ही हालात गांवों के आम रास्तों से गुजरने वाली बिजली की लाइनों के बने हुए हैं। कई जगह पर तो लाइनों के सभी तार पेड़ों के बीच से गुजर रहे हैं। बरसात के समय पेड़ गीला होने की सूरत में हादसों का कारण साबित हो सकते हैं। निगम के एक अधिकारी ने बताया कि वन विभाग के अधिकारियों की अनुमति के बिना पेड़ों को नहीं काटा जा सकता है।

ब्रेक डाउन हो जाते बिजली के कई फीडर

जिन डिस्ट्रीब्यूशन लाइनों के तार पेड़ों के संपर्क में आ रहे हैं, उनमें अक्सर अर्थिंग के कारण शार्ट सर्किट की समस्या बनी रहती है। 11 केवीए क्षमता की लाइनों में आने वाले फॉल्ट के कारण फीडर बार-बार ब्रेक डाउन हो रहे हैं। निगम के कर्मचारी फॉल्ट ढूंढकर लाइनों को सुचारू करने और उनके संपर्क में आने वाले पेड़ों की टहनियां काटने में लगे रहते हैं। कई फीडरों में बार-बार फॉल्ट आते रहते हैं। रात के समय आने वाले फॉल्ट को दूर करना मुश्किल बन जाता है।

पत्नी ने सिलेंडर भरवाने के लिए बुलाया, ससुराल में युवक को जमकर पीटा

रेवाड़ी। अजय नगर में पत्नी के बुलावे पर सिलेंडर भरवाने के लिए युवक को ससुराल में जमकर पीटा। उसे ट्रॉमा सेंटर में दाखिल कराया गया है। पुलिस ने उसकी सास, पत्नी और साली के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस बयान में विजय नगर निवासी तरुण ने बताया कि उसकी पत्नी ने फोन करके उसे सिलेंडर भरवाने के लिए अजय नगर बुलाया था। जब वह ससुराल पहुंचा, तो उसकी सास ने गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। कुछ देर बाद ही उसकी सास फूलवती, पत्नी अंजू व साली संजू ने उसे डंडों से पीटना शुरू कर दिया। उसके साथ जमकर मारपीट की गई। उसने अपने पिता को फोन पर घटना की जानकारी दी। उसके पिता ने मौके पर जाकर उसे ट्रॉमा सेंटर दाखिल कराया। पुलिस ने तीनों के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

स्वास्थ्य विभाग ने राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया

- विद्यार्थियों को दिए बीमारी से बचाव के टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

स्वास्थ्य विभाग की ओर से वीरवार को राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. अमित यादव ने की। हेल्थ इंस्पेक्टर बिरेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों को डेंगू व मलेरिया बीमारी के लक्षण व बचाव के टिप्स दिए। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए भाषण व ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने

रेवाड़ी। विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते हुए डॉ. अमित यादव व टीम। फोटो :हरिभूमि

डेंगू से संबंधित अनेक पोस्टर बनाए। इस अवसर पर जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. यादव ने बच्चों व शिक्षकों को जागरूक करते हुए बताया कि डेंगू का मच्छर साफ पानी में ही पनपता है तथा यह मच्छर दिन के समय में ज्यादा काटता है, इसलिए सभी अपने घर के आस-पास साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें, पूरी बाजू के कपड़े पहने, रात को सोते समय मच्छरदानी व मॉस्किटो रेफलेंट क्रीम का प्रयोग करें। अगर किसी को भी बुखार की शिकायत लगती है तो वह सरकारी अस्पताल में जाकर डेंगू की जांच कराएं। डेंगू की जांच सभी सरकारी अस्पतालों में निःशुल्क की जाती है। मलेरिया अधिकारी व उनकी टीम के ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग से रमेश कुमार, धर्मवीर सिंह, दिनेश यादव, वीरेंद्र कुमार, राहुल दहिया, सुनील कुमार व विनोद कुमार एमपीएचडब्ल्यू मेल सहित सभी शिक्षक मौजूद थे।

अवैध हथियार व कारतूस के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

रेवाड़ी। सीआईए धारूहेड़ा ने खटावली रोड पर देसी कट्टे और जिंदा कारतूस के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसे रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। आरोपी के खिलाफ सेक्टर-6 पुलिस स्टेशन में केस दर्ज कराया गया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि धारूहेड़ा से खटावली की ओर जाने वाले रोड पर एक आपराधिक किस्म का युवक खड़ा है। उसके पास हथियार होने की आशंका है। सूचना मिलने के बाद सीआईए की टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस को देखकर वहां खड़े युवक ने तेज कदमों से चलते हुए भागने का प्रयास किया। सीआईए की टीम ने उसे पीछा करते हुए काबू कर लिया। उसने अपना नाम गुरूग्राम के ब्राह्मणवास नूरगढ़ निवासी नीरज बताया। तलाशी लेने पर उसकी जेब से देसी कट्टा बरामद हुआ, जिसके चेंबर में एक जिंदा कारतूस था। सीआईए ने उसे काबू करने के बाद सेक्टर-6 थाना पुलिस के हवाले कर दिया।

रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

ऑटो की टक्कर से युवक की मौत

- पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

बुधवार की रात करनावास के समीप ऑटो की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई। वह रोडवेज के सेवानिवृत्त कर्मचारी का बेटा था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। विकास नगर निवासी रामचंद्र रोडवेज विभाग से सेवानिवृत्त कर्मचारी है। रात को उसकी पुत्रवधु मनोज के पास उसके बेटे सुनील के फोन से किसी ने फोन किया। फोन करने वाले ने बताया कि सुनील को किसी ऑटो ने टक्कर मार दी है। उसे एंबुलेंस की मदद से ट्रॉमा सेंटर भेजा गया है। जब वह अपनी पुत्रवधु के साथ ट्रॉमा सेंटर पहुंचा, तो उसके बेटे की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने ऑटो चालक के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद उसकी तलाश शुरू कर दी।

रोडवेज कर्मचारी नेताओं ने शोक जताया

रोडवेज के रिटायर्ड कर्मचारी के बेटे की मौत पर कर्मचारी नेताओं राजपाल यादव, यशपाल यादव, प्रवीण कुमार, शवि कुमार, रिटायर्ड कर्मचारी नेता बाबूलाल यादव, देवेंद्र तिवाड़ी व अन्य कर्मचारियों नेताओं ने गहरा दुख व्यक्त किया है।

ट्रक की टक्कर से स्कूटी चालक की मौत

रेवाड़ी। हांसाका के निकट बुधवार की रात एक ट्रक की चपेट में आकर स्कूटी चालक की मौत हो गई। चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी। मांढैया कलां निवासी शैलेंद्र रात को धारूहेड़ा से अपने गांव की ओर स्कूटी से जा रहा था। हांसाका के निकट एक ट्रक ने पीछे से स्कूटी को टक्कर मार दी। इस हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वहां से गुजर रहे एक कार चालक निखिल ने उसे अपनी गाड़ी से अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। ट्रक चालक मौके पर ट्रक छोड़कर भाग गया। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद शव का पोस्टमार्टम सामान्य अस्पताल से करा दिया।

जमीनी विवाद में भतीजे ने चाचा को पीटकर घायल किया

कुंड। बास गांव में जमीनी विवाद के चलते भतीजे ने चाचा को पीटकर घायल कर दिया। उसके घर पर पथराव भी किया। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आरोपी की तलाश शुरू कर दी। पुलिस बयान में रामफल ने बताया कि वह 15 साल से भाई बंटवारे में मिली जमीन पर खेती करता आ रहा है। बुधवार को वह खेत में तो गांव का ही मोनू खेत जोत रहा था। पूछताछ करने पर उसने बताया कि उसके बड़े भाई के लड़के दीपक ने खेत जोतने को कहा है। इसी दौरान दीपक ने उसका रास्ता रोककर मारपीट करना शुरू कर दिया। रामफल ने आरोप लगाया कि दीपक ने उसके साथ जमकर मारपीट की। इसके बाद उसके घर पर पथराव करते हुए जान से मारने की धमकी दी।

गुडगांव में बनवाएंगे हरियाणा का अलग हाईकोर्ट: राव इंद्रजीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुड़गांव

भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी राव इंद्रजीत ने वकीलों के साथ संवाद करते हुए कहा कि हरियाणा के अलग हाई कोर्ट की प्रक्रिया विचाराधीन है। उनका प्रयास है कि हरियाणा का अलग हाईकोर्ट चंडीगढ़ की बजाय मिलेनियम सिटी के रूप में पहचान बना चुके गुरुग्राम में बने। वह गुरुग्राम में हाई कोर्ट बनवाने की पुरजोर पैरवी कर रहे हैं। वीरवार की दोपहर राव इंद्रजीत गुरुग्राम की जिला अदालत में वकीलों के बीच पहुंचे थे। यहां बार रूम में वकीलों से रूबरू हो संवाद करते हुए उन्होंने कहा कि गुरुग्राम बार प्रदेश की सबसे बड़ी बार है। यहां पीछे जितनी भी समस्याएं उनके संज्ञान में आई, उसका तत्परता से हल कराने का प्रयास किया गया है। वकीलों की पार्किंग की समस्या हल हो गई है। वकीलों के चैंबर की समस्या भी किसी हद तक सुलझ गई है। आने वाले दिनों में जस्टिस टावर का निर्माण पूरा होने के बाद वकीलों को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस चैंबर मुहैया होंगे। इस अवसर पर प्रवेश यादव, को-चेयरमैन बार कौंसिल पंजाब एंड हरियाणा, अमरजीत यादव, प्रेसिडेंट जिला बार एसोसिएशन, सत्यनारायण यादव, सचिव जिला बार एसोसिएशन, कुलभूषण भारद्वाज पूर्व प्रेसिडेंट जिला बार एसोसिएशन, पर्वत ठाकरान पूर्व प्रेसिडेंट जिला बार एसोसिएशन, नवीन गुप्ता टैक्स अधिवक्ता राव भगत सिंह अधिवक्ता, पी एस चौहान अधिवक्ता, अनिल ठकरान अधिवक्ता,अनुज सहरावत अधिवक्ता शाहिद अनेक बनवाने अधिवक्ता मौजूद थे।

लाभ सीएचसी नाहड़ में ढाई वर्ष खराब थी एक्स-रे मशीन, नई मशीन के लिए ग्रामीणों ने सीएमओ का आभार जताया

सीएचसी नाहड़ को मिली डिजिटल एक्स-रे मशीन, 56 गांवों के लोगों को मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नाहड़

क्षेत्र के लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नाहड़ में नई डिजिटल एक्स-रे मशीन की सुविधा मिल गईहै। उन्होंने सीएमओ डा. सुरेन्द्र यादव का आभार जताया है। सीएचसी नाहड़ में पिछले ढाई वर्ष से एक्स-रे मशीन खराब पड़ी हुई थी। इलाके के मरीजों खासकर महिलाओं को भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा था। उन्हें एक्सरे कराने के लिए रेवाड़ी व अन्य स्थानों पर जाना पड़ रहा था। उन्होंने इंचार्ज तथा सीएमओ को मशीन ठीक कराने का बार-बार आग्रह भी किया, जिस पर सीएमओ डॉ. सुरेंद्र यादव ने मैकेनिक कम एक्सपर्ट को मशीन ठीक करने के लिए नाहड़ भेजा। मैकेनिक ने बताया कि मशीन पुरानी एवं कंडम हो चुकी है, जोकि ठीक नहीं हो सकती है। सीएमओ की ओर से नई मशीन खरीदने के लिए हेड ऑफिस को पत्र लिखा गया, जिसके बाद सीएचसी नाहड़ को नई डिजिटल एक्स-रे मशीन मिल गई है। सीएचसी नाहड़ के अंतर्गत 56 गांव तथा चार पीएचसी गुड़ियानी, रतनथल, बव्वा व लिलोढ़ आते हैं। एक्स-रे मशीन के अभाव में सभी परेशान थे। अब नई डिजिटल एक्स-रे मशीन के लगने से सभी को लाभ होगा। वीरवार को डॉ. मनीष के नेतृत्व में स्टाफ सदस्यों ने प्रसाद बांटकर डिजिटल एक्स-रे मशीन का शुभारंभ किया। लगभग 15 मरीजों के एक्स-रे भी किए गए। डॉ. पंकज यादव, रेडियोग्राफर संदीप कुमार, फार्मासिस्ट भगत सिंह व एलटी राहुल उपस्थित थे। सीएचसी इंचार्ज डॉ. मनीष ने कहा कि सीएचसी नाहड़ को नई डिजिटल एक्स-रे मशीन मिल गई है, जिसका सभी को लाभ होगा।



- सीएमओ डा. सुरेन्द्र यादव का आभार जताया

रेवाड़ी। डिजिटल मशीन पर मरीज के एक्स-रे की जांच करते हुए डॉ. पंकज यादव। फोटो :हरिभूमि

यूटिलाइजेशन
शीला श्रीवास्तव

बच्चों, समर वेकेशंस में तुम अपनी हॉबी के अनुसार म्यूजिक, ड्राइंग जैसे क्लासेज ज्वाइन कर अपने स्किल को तो बढ़ा सकते ही हो, साथ ही अपनी फैमिली के साथ कुछ समय बिताकर अपनी वेकेशंस को और अच्छे से यूज कर इसे स्पेशल-मेमोरेबल भी बना सकते हो।

समर वेकेशंस को बनाओ स्पेशल-मेमोरेबल

बच्चों, पूरा साल तुम्हारा समय पढ़ाई और स्कूल की दूसरी एक्टिविटीज में निकल जाता है। तुम्हारे पास ज्यादा समय नहीं रहता, इसलिए तुमको घर के मेंबर्स के साथ जिस तरह समय बिताना चाहिए, नहीं बिता पाते। लेकिन समर वेकेशंस एक ऐसा मौका है, जब तुम ना सिर्फ अपने हॉबी क्लासेज ज्वाइन कर सकते हो, अपनी फैमिली से भी जुड़कर अपनी समर वेकेशंस को बहुत ही यूजफूल बना सकते हो। कैसे, जानो।

सुबह की हो सुहानी शुरुआत

बच्चों, गर्मी की छुट्टियों में सुबह जल्दी जरूर उठो। बाहर खुली जगह जाकर टहलो, एक्सरसाइज करो। इसके बाद अपने मम्मी-पापा के लिए ब्रेकफास्ट बनाओ। शुरुआत में तुम नाश्ते के लिए कोई आसान चीज बनाओ, जैसे सैंडविच, मिल्क शेक, शरबत या फ्रूट सलाद आदि। बाद में तुम यू-ट्यूब या अपने बड़ों की मदद से तरह-तरह की डिशेज बना सकते हो। जब मम्मी-पापा तुम्हारे हाथ की बनी तरह-तरह की डिशेज खाएंगे तो उन्हें खुशी होगी। उनकी सुबह सुहानी हो जाएगी।

घर और बाहर के कामों में मदद

घर के छोटे-छोटे कामों में मम्मी-पापा की मदद करो। जैसे- बर्तन सही जगह रखना, कपड़े तह करना, डस्टिंग करना आदि। यदि तुम साइकिल ठीक से चला लेते हो और बाहर आने-जाने में हैवी

ट्रैफिक का खतरा नहीं है, तो घर के जरूरी सामान मार्केट से ले आओ। इससे तुम्हें खरीदारी के तौर-तरीके और बाजार की कीमतों का पता चलेगा। पैसे के जोड़-भाग से तुम्हारा गणित ज्ञान भी बढ़ेगा।

घर के बुजुर्गों का रखो ख्याल

अगर तुम अपने दादा-दादी के साथ रहते हो, तो इस समर वेकेशंस में उनके साथ अधिक से अधिक समय बिताओ। उनकी देखभाल करो, उनके छोटे-मोटे कामों में मदद करो। जैसे- समय पर उन्हें दवाई दो, उन्हें अखबार या उनकी पसंद की किताब पढ़कर सुनाओ, उनके साथ सुबह या शाम को पार्क में टहलने जाओ। बुजुर्गों को बच्चों का साथ बहुत अच्छा लगता है। छुट्टियों में तुम उनके साथ ज्यादा से ज्यादा समय बिताओ। तुम्हारा प्यारा-सा साथ पाकर वे बहुत खुश होंगे। तुम्हें भी उनसे बहुत कुछ सीखने को मिलेगा।

अगर घर में कोई पक्षी या अन्य पालतू जानवर हैं, तो तुम खुद ही उसकी केयर करो। इससे मम्मी-पापा को तो मदद मिलेगी ही, तुम्हें भी अच्छा लगेगा।

सीखो मेहमाननवाजी

बच्चों, तुम्हारे घर में मेहमान जरूर आते होंगे। घर में जब मेहमान आएं तो उनकी खातिरदारी में मम्मी-पापा की मदद करो। इससे तुम्हें लोगों को रिसीव करने, उनसे बातचीत करने का सलीका आएगा, साथ ही तुम मेहमानों के लिए खान-पान की व्यवस्था कैसे करनी है, उसमें वैराइटीज कैसे लानी है, सर्व कैसे करना है, ये सब बातें सीखने का मौका मिलेगा। इस तरह तुम अच्छे मेहमाननवाज बनोगे।

हरा-भरा बनाओ अपना घर और कॉलोनी

यदि तुम्हारे घर के लॉन में पेड़-पौधे हैं, तो इन गर्मियों की छुट्टियों में उनकी देखभाल का जिम्मा तुम लो। सुबह-शाम

पेड़ों की सिंचाई, गुड़ाई, क्यारियों और गमलों की सफाई तुम्हें कब और कैसे करना है, इसकी जानकारी तुम अपने मम्मी-पापा से लो। अपने हाथों से पौधे लगाओ। पौधों में फूल आने से पहले इनकी देखभाल कैसे होती है, यह जानो। तुम चाहो तो दोस्तों के साथ मिलकर अपनी कॉलोनी में पेड़ लगाने का अभियान शुरू कर सकते हो।

भाई-बहनों के साथ बिताओ समय

बच्चों, साल भर तुम ही नहीं, तुम्हारे बड़े या छोटे भाई-बहन भी अपनी पढ़ाई में बिजी रहते हैं। उनके साथ समय बिताने का मौका भी तुम्हें कम ही मिल पाता है। छुट्टियों का यह समय तुम उनके साथ बिताओ। उनके साथ गेम्स खेलो। यदि तुम्हारे भाई-बहन छोटे हैं, तो घर के छोटे-मोटे कामों में उनकी भी मदद लो। ऐसा करने से तुम भाई-बहनों के बीच अच्छा तालमेल बनेगा।

बच्चों, इस तरह तुम जब समर वेकेशंस अपने मम्मी-पापा, दादा-दादी और भाई-बहन के साथ

मिलकर काम करोगे, उनके साथ समय बिताओगे तो ये दिन मेमोरेबल तो रहेंगे ही, साथ में फैमिली के साथ तुम्हरी बॉन्डिंग भी बढ़ेगी, जो परिवार की खुशहाली के लिए जरूरी है। *

एंज्वॉयमेंट / अनुराग मनींद्र

ट्राई करो ये ट्विस्टी टंग-ट्विस्टर्स

बच्चों, टंग-ट्विस्टर्स के बारे में तो तुम्हें पता ही होगा! टंग-ट्विस्टर कोई मुश्किल वर्ड होता है या फिर कुछ वर्ड्स का कॉम्बिनेशन होता है, जिसे एक निश्चित समय सीमा में, बिना रुके, जल्दी-जल्दी बोलना और बार-बार दोहराना होता है। बच्चों, जब कोई टंग-ट्विस्टर बोलते हुए अटकता है या उसकी जुबान लड़खड़ाती है और उसके मुंह से 'कुछ का कुछ' निकलता है, तो टंग-ट्विस्टर बोलने वाले और बुलवाने वाले दोनों को ही खूब मजा आता है।

बच्चों, आज हम तुम्हारे लिए हिंदी के कुछ मजेदार टंग-ट्विस्टर्स लेकर आए हैं। इनमें से कुछ तो तुम्हें पहले से पता होंगे और कुछ तुम्हारे लिए बिल्कुल नए होंगे। तुम्हें इन टंग-ट्विस्टर्स को 15 सेकेंड्स के भीतर बिना रुके, जल्दी-जल्दी बोलना है और बार-बार दोहराना भी है। देखते हैं कि 15 सेकेंड्स में कितनी बार तुम ये टंग-ट्विस्टर्स बिना लड़खड़ाए या बिना अटके बोल पाते हो। तो चलो, एक-एक करके ट्राई करो ये ट्विस्टी टंग-ट्विस्टर्स-

- ऊंट ऊंचा, ऊंट की पीठ ऊंची, ऊंची ऊंट की पूंछ।
- कच्चा पापड़, पक्का पापड़।
- पीतल के पतीले में पपीता पीला पीला।
- नीला अंगूर, काला लंगूर।
- उड़ी चिड़ी ऊंची उड़ी, सब्जी पूड़ी ठंडी पड़ी।
- नीली रेल, लाल रेल।
- रोड रोलर, लोड रोलर।
- खड़क सिंह के खड़कने से खड़कती हैं खिड़कियां।
- राजा गोपी गोपाल गोपग्गम दास।
- चार नई नवेली दुल्हन, दुल्हन नई नवेली चार।
- लपक बबुली लपक, अब ना लपकबे त लपकबे कब।

क्यों बच्चों, इन्हें बोलते-बोलते तुम्हारी 'टंग' भी हो गई न 'ट्विस्ट'?

तुम ये टंग-ट्विस्टर्स अपने दोस्तों और भाई-बहनों को भी बोलने के लिए कहो और हंसो, हंसाओ, एंज्वॉय करो। *

टंग-ट्विस्टर्स के फायदे

बच्चों, टंग-ट्विस्टर्स एक अच्छा 'आर्टिकुलेशन एक्सरसाइज' (उच्चारण अभ्यास) भी है। इसके लगातार प्रयोग से शब्दों का सही उच्चारण करने की क्षमता विकसित होती है। कई सारे कलाकार और स्टेज-आर्टिस्ट्स भी टंग-ट्विस्टर्स का अभ्यास करते हैं, इससे उन्हें मंच पर स्पष्ट और धाराप्रवाह बोलने में आसानी होती है। कई बार स्पीच-थेरेपिस्ट भी टंग-ट्विस्टर्स का अभ्यास करने की सलाह देते हैं। इससे साफ-साफ और स्पष्ट बोलने की आदत बनती है।

जीके क्विज-104

1.हाल ही में भारत के किस राज्य में 'स्कूल ऑन व्हील्स' की शुरुआत की गई?
2.छत्तीसगढ़ के वर्तमान राज्यपाल कौन हैं?
3.आर्य समाज की स्थापना किसने की थी?
4.अंतरिक्ष की दूरी मापने के लिए किस इकाई का प्रयोग किया जाता है?
5.क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का सबसे बड़ा राज्य कौन-सा है?
6.शुष्क बर्फ (ड्राई आइस) क्या होता है?
7.कौन-सा विटामिन खून का थक्का बनाने (ब्लड-क्लॉटिंग) में सहायक होता है?
8.पानीपत की दूसरी लड़ाई किसके बीच हुई थी?
9.श्वेत क्रांति (व्हाइट रिवॉल्यूशन) का संबंध किससे है?
10.'गीता रहस्य' नामक पुस्तक के लेखक कौन हैं?

बच्चों, जीके क्विज-104 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

जीके क्विज-103 का उत्तर : 1.उसेन बोल्ट, 2.नेपाल, 3.दो बार, 4.हरा, 5.एंटनी वान ल्यूवेनहॉक, 6.सिक्किम, 7.जयप्रकाश नारायण, 8.न्यूटन, 9.सिद्धार्थ, 10.रवींद्रनाथ टैगोर

जीके क्विज-103 का सही उत्तर देने वाले : मानवी मधुकर-बिलासपुर, कबीर-हिसार, यदुवेंद्र-महेंद्रगढ़, सरबजीत-करनाल, शुभम-बिलासपुर, बी. ईशान-अहमदाबाद, बी. आकांक्षा-अहमदाबाद, सलोनी-रायपुर, शिवम-रोहतक, हर्ष-दिल्ली, राजन-भोपाल, दिव्यम-धमतरी, काव्या-राजनांदगांव

हंसगुल्ले

गप्पू : कल मैंने एक रॉकेट छोड़ा तो सीधा सूरज से टकरा गया।
पप्पू : अरे! फिर क्या हुआ?
गप्पू : फिर मेरी पिटाई हुई।
पप्पू : किसने पीटा?
गप्पू : सूरज की मम्मी ने।
-आर्यन, रायपुर

टीचर : 'तेज हवाओं के साथ बारिश हो रही है।' इसका भविष्य काल बताओ?
पिंकी : अब लाइट जाएगी।
-माही, भोपाल

सोनू ने मोनू के घर का दरवाजा खटखटाया।
मोनू : कौन है?
सोनू : मैं हूं।
मोनू : मैं कौन?
सोनू : अरे, तू मोनू है...और कौन?
-चिराग, दिल्ली

कहानी
सरस्वती रमेश

सोनू और मोनू आपस में बहुत झगड़ते थे। उनके झगड़े से मम्मी बहुत परेशान रहती थीं। एक दिन घर में नानी आईं और रात सोनू-मोनू के कमरे में उनके साथ सोईं। अगली सुबह जब दोनों उठे तो जरा भी नहीं लड़े। आखिर नानी ने सोनू-मोनू पर ऐसा क्या जादू किया, जो उनके स्वभाव में इतना बड़ा बदलाव दिखा।

खत्म हुई मम्मी की परेशानी

सोनू और मोनू जुड़वा भाई हैं। उनकी शक्ल बिल्कुल एक जैसी है, लेकिन स्वभाव और पसंद एकदम अलग। दोनों की आपस में बिल्कुल नहीं बनती है। हर बात पर झगड़ा करते हैं। कभी-कभी तो झगड़ा इतना बढ़ जाता कि मम्मी-पापा को झगड़ा सुलझाने आना पड़ता। मम्मी दोनों बच्चों के झगड़े से बहुत ज्यादा परेशान रहती हैं, लेकिन उन्हें इसे खत्म करने का कोई उपाय नहीं सूझता।

एक दिन सोनू-मोनू से मिलने उनकी नानी आईं। नानी दोनों को बहुत प्यार करती हैं। उनके लिए गांव से ताजे फल लाती हैं। इस बार भी नानी बेर, कैथ, इमली और कैरी लेकर आईं। सोनू-मोनू को ये फल बहुत पसंद हैं। शहर में तो ये चीजें मुश्किल से मिलती हैं। इसलिए जब नानी इन्हें लेकर आतीं तो दोनों बड़े चाव से खाते हैं। नानी को आए अभी थोड़ी देर ही हुई थी। वह सोफे पर बैठीं चाय-नाश्ता कर रही थीं। तभी दोनों भाइयों का झगड़ा शुरू हो गया। सोनू कह रह था,'बेर और इमली मैं खाऊंगा। कैरी और कैथ तुम ले लो।'

'नहीं कैथ तुम ले लो, मैं बेर लूंगा।' मोनू चिल्लाया। 'ये दोनों इसी तरह दिनभर लड़ते रहते हैं। मैं तो परेशान हो चुकी हूं।' मम्मी ने नानी को बताया। 'तुम परेशान मत हो, मैं इन्हें समझा दूंगी।' नानी बोलीं।

रात को खाने के बाद सब सोने चले गए। नानी का बिस्तर सोनू-मोनू के कमरे में ही लगा था। 'नानी हमें कहानी सुनाओ न।' सोनू बोला।'मुझे भी सुननी है।' मोनू खुशी से उछलकर बोला। 'ठीक है सुनो।' नानी ने कहानी सुनानी शुरू की, 'एक किसान था। उसके चार बेटे थे। किसान के पास खूब सारे खेत थे। किसान अब बूढ़ा और बीमार हो गया था। बिस्तर पर पड़े-पड़े वह सोचता रहता कि उसके खेतों की देखभाल कैसे होगी? उसके बच्चे तो हमेशा आपस में लड़ते रहते हैं। खेती-बारी में उनकी कोई रुचि नहीं है। उधर धीरे-धीरे पड़ोसियों को किसान के बेटों के बीच झगड़े की बात पता चल गई। उनकी नजर किसान के खेतों पर थी। वे किसान के खेत हड़पने लगे। उन्हें पता था, चारों भाइयों को तो आपस में लड़ने से फुर्सत नहीं है। खेत देखने कोई नहीं आएगा। किसी ने किसान के खेतों में जानवर बांधने शुरू कर दिए तो किसी ने बाड़ लगाकर फसल बोनी शुरू कर दी। धीरे-धीरे पड़ोसियों ने किसान के सारे खेत हड़प लिए। न तो खेत बचे और न खाने को अनाज। जब घर में खाने को कुछ नहीं बचा तब एक दिन किसान के बेटे खेतों में पहुंचे। लेकिन वहां तो कोई और खेती करने में जुटा हुआ था। अब चारों भाइयों की आंखें खुलीं, लेकिन अब बहुत देर हो चुकी थी।' कहानी सुनाने के बाद नानी ने बच्चों से पूछा, 'कुछ समझ आई कहानी?'

'हां, समझ में आई। भाइयों को आपस में लड़ना नहीं चाहिए।' मोनू बोला। 'तब तुम दोनों क्यों लड़ते हो?' नानी ने पूछा। 'अब हम नहीं लड़ेंगे नानी।' सोनू ने कहा।

'मैं भी नहीं लड़ूंगा।' मोनू बोला।

'शाबाश! अब दोनों सो जाओ। रात बहुत हो गई है।' नानी हंसते हुए बोलीं। सुबह सोनू-मोनू का बदला हुआ बर्ताव देखकर मम्मी हैरान थीं। दोनों मिलकर बिना झगड़े बड़े प्यार से काम कर रहे थे। मम्मी सोच में पड़ गईं कि आखिर नानी ने बच्चों को ऐसा क्या समझा दिया है, जो उनकी परेशानी खत्म हो गई। *

कविता / अखिलेश श्रीवास्तव

दिन गर्मी के

सूरज जब भी आंख तरेरे
समझो हैं दिन गर्मी के।
ह्वा चलाए गरम थपेड़े
समझो हैं दिन गर्मी के।
ताल-तलैया प्यासे, आए
सूखे से दिन गर्मी के।
मास्टर जी की बेंत सरीखे
रूखे से दिन गर्मी के।
सारा पानी सोख लिए हैं
जमाखोर दिन गर्मी के।
चलते कितने धीरे-धीरे
कामचोर दिन गर्मी के।
रातें तिल सीं और ताड़
से बने हुए दिन गर्मी के।
गुस्से में ज्यों आंख तरेरे
तने हुए दिन गर्मी के।

बूझो तो जानें / पवीन कुमार

1. सफेद खेत में बोए देखो
काले-नीले मोती
लंबा पतला बैल है
विद्या की खेती होती

2. दिखता लंबे सांप जैसा
लोहे का है फन
कमर से जो लिपटा वो
बात गई फिर बन

3. दो भाई दोनों अलबेले
एक-दूजे के पक्के चेले
कभी नहीं वो रहें अकेले

पहन देखने जाओ मेले

4. एक तो घोड़े जैसी भागे
एक की मध्यम चाल
कछुए जैसी एक है चलती
फिर भी करे कमाल

उत्तर: 1. कलम-पेन, 2. केले, 3. जूते, 4. पहिये की साइकिल

रंग भरो-150

रंग भरो-150 में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।

दिव्यांश, दुर्ग

भावन्या, भिलाई

कल्पित, रोहतक

पलक, अटेली मंडी

युक्ति, धमतरी

सुयश, बिलासपुर

इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

भूमिका-बलौदा बाजार, फाल्गुनी-भिलाई, प्रगति-बिलासपुर, आर.विद्या-रायपुर, रितेश-मटियारी, सृष्टि-रायपुर, वेदिका-बालोद, राशिका-बिलासपुर, नेहा-धमतरी, पूजा-रोहतक, रुचिका-दिल्ली, वैभव-करनाल, देवेश-भोपाल

रंग भरो 151

बच्चों, इस चित्र में रोनित और पाखी बॉल खेलने जा रहे हैं। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

गिनकर बताओ

बच्चों यहां एक साथ कई सारे डॉग्स के चित्र दिए गए हैं। तुम्हें गिनकर बताना है कि इस चित्र में कुल कितने डॉग्स हैं?

उत्तर: 10

खबर संक्षेप

गांव ढाणी सुंदरोज में पशु स्वास्थ्य जांच शिविर कल

रेवाड़ी। जिले के गांव ढाणी सुंदरोज में 18 मई को राजकीय वेटरनरी पॉलिक्लिनिक सहारनवास की ओर से बांझपन निवारण एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। संस्थान के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ प्रदीप कुमार ने बताया कि कैंप के दौरान पशुपालकों को कृमि नाशक दवाओं का वितरण किया जाएगा। वेटरनरी सर्जन ने बताया कि कैंप का समय सुबह 8 बजे से 11 बजे तक रहेगा। कैंप के दौरान विशेषज्ञ पशु पालकों को पशुओं को गर्मी से बचाव के तरीके बताएंगे।

दरवाजा तोड़कर मकान से नकदी व जेवरात चोरी

रेवाड़ी। अजय नगर में चोर एक मकान का दरवाजा तोड़कर हजारों रुपये नकदी व जेवरात चोरी कर ले गए। पुलिस ने मौका मुआयना करने के बाद चोरी का केस दर्ज कर लिया। पुलिस शिकायत में धर्मेंद्र सैनी ने बताया कि वह अजय नगर में किराए के मकान में रहता है। वह दिल्ली करोल बाग में नौकरी करता है। बुधवार को उसे सूचना मिली कि उसके मकान में चोरी हो गई है। सूचना मिलने के बाद जब वह अपने मकान में पहुंचा तो मकान का दरवाजा टूटा हुआ था। लोहे की अलमारी से चांदी की सात जोड़ी पाजेब व 9 चांदी के सिक्के, चांदी की चेन, एक जोड़ी सोने की झुमकी, एक लेडीज अंगूठी, गुल्लक से करीब 62 हजार रुपये, 6 हजार रुपये नकद व एक पूजा की माला चोरी हो गई।

ठेके से शराब चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

कुंड। थाना खोल पुलिस ने कढ़ू गांव के ठेके से शराब चोरी करने के पांचवें आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। चार आरोपियों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। मामडिया आसमपुर निवासी संजीव कुमार ने अपनी शिकायत में बताया था की उसने गांव कढ़ू में शराब का ठेका ले रखा था। 31 दिसंबर 2019 की रात को उसका सेल्समैन शराब के ठेके के बगल में सो रहा था। रात के समय कुछ लोग बुलेरो कैम्पर गाड़ी लेकर आए व ठेके का ताला तोड़कर ठेके में रखी शराब व कैमरे चोरी कर ले गए। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद चार आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। अब पुलिस ने नूंह के गुवारका निवासी साजिद को गिरफ्तार किया।

नोजल चोरी के मामले में दो व्यक्ति किए गिरफ्तार

महेंद्रगढ़। नोजल चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना शहर पुलिस टीम ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया, जिनकी पहचान सुनील वासी डुमोली और पप्पू वासी डुमोली (सिंघाना) के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपितों को प्रोडेक्शन वारंट पर लाकर गिरफ्तार किया और न्यायालय से पुलिस रिमांड पर लिया गया। रिमांड के दौरान आरोपितों से चोरी की नोजल के बारे में पूछताछ की। आरोपितों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। माजरा खुर्द निवासी मनोज कुमार व अन्य गांव वालों ने थाना शहर में नोजल चोरी की शिकायत दी कि 19 फरवरी को रात एक बजे से सुबह चार बजे के बीच उनके कुएं की नोजल चोरी हो गई।

पानी की बबार्दी रोकने के लिए तैयारी, अवैध नल नहीं हटाने पर कटेंगे कनेक्शन

जनस्वास्थ्य विभाग ने गांवों में अवैध कनेक्शन चिन्हित कर थमाए नोटिस

■ विभाग ने पानी की बर्बादी को रोकने के लिए अवैध न ल हटाने की अपील की

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

रेवाड़ी। गांव में अवैध कनेक्शन को चिंहित करने पहुंची टीम तथा अवैध कनेक्शन मिलने पर नोटिस देते हुए टीम। फोटो : हरिभूमि

गर्मी के मौसम में लोगों को हर वर्ष पानी की किल्लत से जूझना पड़ता है। विभाग की ओर से पानी सप्लाई के कनेक्शन दिए हुए है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों ने अवैध कनेक्शन जोड़े हुए है। ग्रामीण क्षेत्रों में पीने के पानी की बर्बादी को रोकने के लिए जनस्वास्थ्य विभाग की ओर से अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करने के साथ अवैध कनेक्शन हटाने के लिए नोटिस दिए जा रहे है।

वीरवार को जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग व जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन में की ओर से खंड खोल के गांव मामरिया आसमपुर में अवैध कनेक्शनों को चिंहित करके लोगों को नोटिस थमाए गए तथा लोगों को आगाह किया गया कि या तो कनेक्शन को वैध करें या अपने अवैध कनेशक्शन हटा लें, नहीं तो कनेक्शन काटने के साथ जुर्माना भी वसूला जाएगा।

कनेक्शन को वैध कराने की अपील

संदीप बीआरसी व सरपंच अशोक कुमार के नेतृत्व में गांव में जल जीवन मिशन के तहत एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में विभाग ने ग्राम पंचायत के सदस्यों के साथ मिलाकर गांव में अवैध कनेक्शन को चिंहित किया और इनको नोटिस दिए गए तथा लोगों को पानी की बर्बादी न करने के लिए जागरूक किया। विभाग ने कनेक्शन को वैध करने तथा खुले चल रहे नलों पर टूटियां लगाने की अपील भी की ताकि सभी घरों तक साफ और स्वच्छ पानी पहुंच सके। इस बारे में ग्रामीणों के साथ चर्चा भी की गई। इस मौके पर बीआरसी संदीप कुमार ने कहा कि जल जीवन मिशन की गतिविधियों में लोगों का योगदान महत्वपूर्ण है। उन्होंने ग्रामीणों को जल जीवन मिशन के तहत होने वाले कार्यों के बारे में जानकारी दी तथा ग्रामीणों को जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर पंप ऑपरेटर उधवीर कुमार, पंप ऑपरेटर सुपरवाइजर संजय कुमार, संजय व गजिंदर यादव सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

काफी लोगों ने जोड़े अवैध कनेक्शन

जनस्वास्थ्य विभाग के जिला सलाहकार योगेन्द्र परमार ने बताया कि जिले में पेयजल सप्लाई के 130943 कनेक्शन है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में काफी लोगों ने अवैध कनेक्शन जोड़े हुए है। विभाग की ओर से अभियान चलाकर इन लोगों को नोटिस थमाने के साथ कनेक्शन को वैध कराने की अपील की जा रही है। वैध नहीं कराने वाले लोगों के कनेक्शन काटे जाएंगे।

गीतों व भजनों से मतदान करने का दिया संदेश

रेवाड़ी। मतदाताओं को जागरूक करती विभाग की प्रचार टीम।

■ प्रशासन की गांव-गांव में कर रही प्रचार, सभी को बनना हैं चुनाव में भागीदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

लोकसभा चुनाव को लेकर जिला प्रशासन के विभिन्न विभाग व सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग की प्रचार टीम के कलाकार स्वीप अभियान के तहत आमजन को वोट डालने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। जिला प्रशासन की ओर से लोगों से 25 मई के दिन मतदान करने का आह्वान किया जा रहा है। मतदाता जागरूकता की मुहिम के तहत जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने एवं मतदाताओं को जागरुक करने के उद्देश्य से विभाग की प्रचार टीम के भजन पार्टी लीडर दीपक कुमार के साथ मदनलाल, सतबीर सिंह, कर्मबीर सिंह व संदीप कुमार ने वीरवार को गांव जयसिंहपुर खेड़ा, खंडोड़ा, टांकड़ी, मोहनपुर, भालखी, माजरा व पाली-गोठड़ा में पहुंचकर आम लोगों को बढ़चढकर मतदान करने के लिए जागरूक किया। उन्होंने आमजन को गीतों व भजनों के माध्यम से सार्थक संदेश दिया। लोक गीतों के माध्यम से सभी को वोटर हेल्पलाइन एप एवं निर्वाचन प्रणाली के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही 1950 वोटर हेल्पलाइन नंबर के बारे में अवगत कराया गया। पार्टी कलाकारों की ओर से लोगों को शपथ दिलाई गई कि वह लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगें। साथ ही अपने घरों व आस पड़ोस के लोगों को मतदान के लिए जागरूक करेंगे।

साफ पानी में लार्वा छोड़कर डेंगू का खतरा बढ़ाता है एडीज मच्छर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नांगल चौधरी

नांगल चौधरी। डेंगू जागरूकता अभियान की रूपरेखा बनाते हुए स्वास्थ्य विभाग के कर्मी। फोटो : हरिभूमि

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एसएमओ डा. धर्मेश कुमार सैनी की अध्यक्षता में डेंगू जागरूकता दिवस मनाया गया। जिसमें स्टाफ कर्मियों को गांव वाइज पेयजल टंकियों का निरीक्षण करने की जिम्मेवारी सौंपी। साथ ही बुखार पीड़ितों का ब्लड सैंपल लेकर लैब में जांच करवाने और पीड़ितों को तत्परता से इलाज मुहैया करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एडीज मच्छर का वीआईपी कल्चर होता है, जो हमेंशा टंकी, कूलर व अन्य स्थन पर रूके हुए साफ पानी में लारवा छोड़ता। यह लारवा बहुत तेजी से मच्छर में तबदील होने लगता है, जल्द ही बचाव नहीं करने की स्थिति में एडीज मच्छरों का झुंड तैयार हो जाएगा। एडीज मच्छर रात को नहीं काटता, मनुष्य को दिन में काटता है। जिससे पीड़ित को डेंगू बुखार होने का खतरा बढ़ जाएगा। एसएमओ ने कहा कि डेंगू पीड़ित को तेज बुखार, अचानक सिर दर्द, मांसपेशियों में खिंचाव व दर्द, आंखों के पीछे दर्द और इधर-उधर घुमाने में परेशानी होने लगेगी। बचाव के लिए घरों के आसपास गड्ढों को मिट्टी से भरवा दें और कूलर, होद, टंकियों की सप्ताहिक सफाई करना जरूरी है।

सीबीएसई में उत्कृष्ट रिजल्ट प्राप्त वाले मेधावी छात्र किए सम्मानित

■ विद्यार्थियों की सफलता पर स्कूल प्रबंधन ने जताया हर्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

रेवाड़ी। राव बने सिंह स्कूल में सम्मानित किए गए विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

सीबीएसई बोर्ड कक्षा 10वीं व 12वीं के परीक्षा परिणाम में राव बने सिंह मेमोरियल सीनियर सैकेंडरी स्कूल जोनियावास के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। दसवीं में छात्रा बबली ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टॉप किया। वहीं 12वीं में नैन्सी ने 97 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम रही। कुमारी नैन्सी ने 95 प्रतिशत, शीतल ने 94 प्रतिशत, तान्या ने 93 प्रतिशत, मुस्कान ने 93 प्रतिशत, मोहिनी ने 93 प्रतिशत, नेहा ने 93 प्रतिशत, नेहा कुमारी ने 90 प्रतिशत व पूजा कुमारी ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। अमन पांडे, धनिषा, राहुल, जाहन्वी, नेहा कुमारी, सोनम कुमारी, रितिका कुमारी, पिंकी यादव, हिमांशु, रितु, राखी व महक ने सफलता प्राप्त की। 10वीं में गौरव ने 96 प्रतिशत, संगीता ने 96 प्रतिशत, दृष्टि ने 90 प्रतिशत, पुनीत ने 90, दीपिका ने 87 प्रतिशत, अर्चना व जिया ने 85 प्रतिशत, राघव नवल, सत्यव्रत, पायल व निकिता ने 83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने जिले का नाम रोशन किया। स्कूल के चेयरमैन तेज सिंह यादव, डायरेक्टर रवि शंकर यादव, सीओ राहुल यादव व प्रिंसिपल अनीता कुमारी ने सभी विद्यार्थियों, अध्यापकों व अभिभावकों को बधाई दी तथासभी मेधावी बच्चों को सम्मानित किया गया।

गर्मी से बचने के लिए पर्याप्त मात्रा में पिएं पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी



अमित स्वामी।

एशियन बाडी बिल्डिंग एंड फिजीक स्पोर्टस फैडरेशन के महानिदेशक अमित स्वामी ने आमजन से भीषण गर्मी से बचने के लिए दिनभर में कम से कम 10 गिलास स्वच्छ पानी पीने व तरबूज, सेब, खरबूजा, छाछ, लस्सी, दुग्ध, नारियल पानी, संतरा, आमपन्ना, शिकंजी, टमाटर व हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन करने की अपील की है। इनके सेवन से हीट स्ट्रोक, डिहाईड्रेशन, उल्टी, दस्त, फूड पाईजिनिंग, टाईफाइड़, पीलिया, चर्म रोग, आंखो की बीमारी व अस्थमा, सहित अन्य बीमारियों से बचे रहेंगे। उन्होंने कहा कि जंकफूड़ का सेवन बिलकुल न करें। गर्मियो में ज्यादा से ज्यादा शीत पेय पदार्थो का सेवन करें। गर्मियों में शरीर से पसीने के साथ-साथ सोडियम भी निकलता है, जिसके कारण शरीर में सोडियम की कमी हो जाती है। इसके आलावा पौष्टिक खान-पान दिनचर्या में रखें व नियमित रूप से व्यायाम व योगा करे ताकि स्वस्थ रहकर गर्मी के प्रकोप से बचे रहें।

गोसेवा करने से मिटते सभी कष्ट

■ जिस घर में गाय माता का निवास होता, वहां से दोष कोसों दूर रहते : आदित्यनाथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बावल

रेवाड़ी। कथा में प्रवचन देते हुए महंत आदित्यनाथ। फोटो : हरिभूमि

गांव आसलवास स्थित शिव मंदिर व बाबा आजाद नाथ आश्रम में महंत सूरजनाथ की पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा व शिव महापुराण कथा का वीरवार को समापन हो गया। इस अवसर पर महंत आदित्यनाथ ने कहा कि जिस घर में गाय माता का निवास होता, वहां से दोष कोसों दूर रहते हैं। गोमाता की सेवा व पूजन करने से जहां कष्ट मिटते हैं, वहीं परिवार में खुशहाली रहती है। उन्होंने प्रशासन व सरकार से गो माता की हत्या पर पूरी तरह अंकुश लगाने और गोमाता को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग की ताकि आने वाली पीढ़ी गाय के महत्व को समझ सके। इस मौके भंडारे में सैंकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में दूर-दराज से संत महात्मा भी पहुंचे।

सेमिनार में विद्यार्थियों को बताया वोट का महत्व

■ छात्र-छात्राओं के मध्य मतदान विषय पर प्रश्नोत्तरी का आयोजन भी किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

रेवाड़ी। कार्यक्रम में उपस्थित प्रवक्ता व विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

राजकीय पॉलिटेक्निक धामलावास में 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर संस्थान के प्रधानाचार्य डा. रविन आहूजा के मार्गदर्शन में सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के मध्य मतदान विषय पर प्रश्नोत्तरी का आयोजन भी किया गया। वरिष्ठ प्राध्यापक अनिल यादव, प्राध्यापक नीरज, प्रदीप कुमार, मुकुल, राकेश यादव व नरेन वर्मा ने विद्यार्थियों को वोट डालने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर प्रवक्ताओं ने कहा कि सभी चुनाव को एक पर्व की तरह मनाएं और अपने मतदान का प्रयोग जाति, धर्म, समुदाय व बैगर किसी लोभ लालच के करें। विद्यार्थी यह कभी भी न सोचे कि मैं मतदान नहीं करने जाऊंगा तो मेरे एक मतदान से क्या होगा। लोकतंत्र को मजबूत बनाने में एक-एक वोट का महत्व है। कई बार तो हार-जीत का फैसला एक वोट से भी हो जाता है, इसलिए देश हित में अपनी नैतिक जिम्मेदारी समझते हुए मतदान अवश्य करे। प्रेस प्रवक्ताराकेश यादव ने विद्यार्थियों से मतदान व चुनाव प्रक्रिया संबंधी प्रश्न पूछे, जिनका बच्चों ने बखूबी से जवाब दिया। सही जवाब देने वाले सभी बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। राकेश यादव ने विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए 'तू वोट कर'... शीर्षक की एक कविता भी सुनाई। और सभी छात्रों को लोकतंत्र का महत्व बताते हुए मतदान करने का संदेश दिया। इस अवसर पर रचना यादव, अनिल यादव, परमजीत यादव, पवित्रपाल यादव, विजय यादव, रामानंद यादव, नीरज, प्रदीप कुमार, मुकुल, नरेन वर्मा व मनेंद्र यादव सहित सभी प्राध्यापक व विद्यार्थी मौजूद थे।

लोकसभा चुनाव | जिले में 1056 दिव्यांग व 85 प्लस आयु के मतदाताओं ने चुना घर से मतदान करने का विकल्प

85 प्लस व दिव्यांग मतदाताओं की घर से मतदान प्रक्रिया का कार्य शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

रेवाड़ी। बुजुर्गों को घर से मतदान कराती पोलिंग पार्टी। फोटो : हरिभूमि

भारत निर्वाचन चुनाव आयोग ने पहल करते हुए पहली बार लोकसभा आम चुनाव में बुजुर्गों और दिव्यांग मतदाताओं के लिए उनको घर से मतदान करने की सुविधा प्रदान की है। जिले में 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाता और 40 प्रतिशत बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्तियों को वैकल्पिक घरेलू मतदान सुविधा का लाभ देने की प्रक्रिया वीरवार से शुरू कर दी गई है। जिले में दोनों श्रेणियों के 1056 मतदाताओं ने घर से मतदान करने का विकल्प चुना है।

डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल हुड्डा ने बताया कि चुनाव आयोग के निदेर्शानुसार 85 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्ग मतदाताओं व 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग मतदाताओं को घर से मतदान करने की सुविधा का विकल्प चुनने का अवसर दिया गया था। इन दोनों कैटेगरी के मतदाताओं को फॉर्म 12-डी भरना था। जिले में इन दोनों श्रेणियों के 1056 मतदाताओं ने घर से मतदान का विकल्प चुना है व ऐसे मतदाताओं के घर पर पोलिंग टीम पुलिस सुरक्षा के साथ मतदान कराने के लिए जा रही है। ऐसे मतदाता बैलेट के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं। पारदर्शिता के लिए पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी की जा रही है। विधानसभा बावल व कोसली में 85 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्ग व 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग 453-453 मतदाताओं तथा विधानसभा रेवाड़ी में 150 मतदाताओं ने घर से मतदान करने का विकल्प चुना है। विधानसभा बावल व रेवाड़ी में 18 मई तथा विधानसभा कोसली में 19 मई तक यह प्रक्रिया जारी रहेगी। डीसी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की घर से मतदान की पहल लोकतांत्रिक भागीदारी को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। घर से मतदान की सुविधा का लाभ उठाने वाले बुजुर्गोव दिव्यांग मतदाताओं ने भारत निर्वाचन आयोग की इस पहल के लिए आभार जताया है। घर से मतदान प्रक्रिया में मतदान की गोपनीयता भी बनाए रखी जा रही है।

- डीसी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की घर से मतदान की पहल लोकतांत्रिक भागीदारी को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है
- बावल व रेवाड़ी विस में 18 मई व कोसली विस में 19 तक जारी रहेगी घर से मतदान की प्रक्रिया

चुनाव को लेकर एफएसटी व एसएसटी टीम सक्रिय

रेवाड़ी। लोकसभा चुनाव को लेकर कार की जांच करती एसफटी-एसएसटी टीम।

■ 50 हजार से अधिक कैश ले जाने पर देना होगा ब्यौरा, अवैध धातु व हथियारों का उपयोग करने पर होगी कार्रवाई

रेवाड़ी। लोकसभा आम चुनाव को लेकर जिले में एफएसटी-एसएसटी टीम सक्रिय हो गई हैं। चुनाव प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए एफएसटी-एसएसटी टीम की ओर से नाकाबंदी कर अवैध शराब व अवैध नकदी के आवागमन पर कड़ी नजर रखी जा रही है। एफएसटी-एसएसटी टीम बावल विधानसभा क्षेत्र में गढ़ी बोलनी रोड़, खंडौड़ा बॉर्डर, जयसिंहपुर खेड़ा बॉर्डर, कोसली विधानसभा क्षेत्र में भड़फ बॉर्डर, कारोली मोड, गुरावड़ा बॉर्डर तथा रेवाड़ी विधानसभा क्षेत्र में आकेड़ा मोड, भिवाड़ी रोड़ व चिल्हड़ में नाके लगाकर आने-जाने वाले वाहनों की सतर्कता से चैकिंग कर रही है। डीसी राहुल हुड्डा ने बताया कि जिले में जगह-जगह नाकाबंदी कर आने-जाने वाले वाहनों पर कड़ी नजर रखी जा रही है और सभी वाहनों की गहनता से जांच कर आगे भेजा जा रहा है। लोकसभा चुनाव में आदर्श चुनाव आचार संहिता की पालना सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह से सख्त है। लोकसभा चुनाव को देखते हुए अवैध शराब की सप्लाई, धनबल के प्रयोग सहित अन्य अवांछनीय गतिविधियों पर नजर रखे हुए है।

रेवाड़ी। बच्चों को उचित आहार की जानकारी देते हुए वक्ता।

स्वास्थ्य व संतुलित आहार की दी जानकारी

रेवाड़ी। माजरा श्योराज स्थित दिल्ली पब्लिक इंटरनेशनल स्कूल में वीरवार को स्वास्थ्य व संतुलित आहार विषय पर आयोजित कार्यक्रम में बच्चों को जागरूक किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में रत्ना कोचर, सोनम यादव, ययाति शर्मा व सपना राणा उपस्थित थे। रचना कोचर ने उचित आहार के बारे में जानकारी देते हुए बच्चों को कुछ आसान व व्यायाम सिखाए। उन्होंने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए 80 प्रतिशत आहार व 20 प्रतिशत व्यायाम की आवश्यकता होती है। सुबह खाली पेट न रहे व नाश्ता करके ही बाहर निकले। चेयरपर्सन सुनीता यादव, प्रधानाचार्य आदित्य दुबे व उप प्रधानाचार्य मंजू यादव ने उनका आभार व्यक्त किया।

खबर संक्षेप

ट्रेन में बीएसएफ जवान का सामान चोरी

रेवाड़ी। बुधवार की रात भटिंडा से रेवाड़ी ट्रेन में आ रहे एक बीएसएफ जवान का सामान ट्रेन में चोरी हो गया। जीआरपी ने चोरी का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी। जीआरपी को दर्ज शिकायत में भटेड़ा निवासी पुनीत यादव ने बताया कि वह 15 मई को अवकाश लेने के बाद ट्रेन से घर आ रहा था। भटिंडा से ट्रेन में सवार होने के बाद वह ऊपर की सीट पर बैठा हुआ था। जाटूसाना स्टेशन पर ट्रेन आते ही वह सीट से नीचे उतरकर जूते पहनने लग गया। इसी दौरान उसका मोबाइल फोन, हेल्थ कार्ड व 700 रुपये चोरी हो गए।

मारपीट व धमकी देने का आरोपी गिरफ्तार

रेवाड़ी। थाना मॉडल टाउन पुलिस ने हंस नगर में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर गत 21 अप्रैल को केस दर्ज करने के बाद मामले की जांच शुरू की थी। पुलिस ने मामले के एक आरोपी हंस नगर निवासी राकेश को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जमानत पर रिहा कर दिया गया।

मारपीट मामले में एक आरोपी किया काबू

जाटूसाना। करावरा मानकपुर में धारदार हथियार से हमला करने और जान से मारने की धमकी देने के एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। घायल के बयान पर रोहड़ाई थाना पुलिस ने 20 अप्रैल को केस दर्ज किया था। पुलिस ने मामले की जांच करते हुए राकेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया।

नशा तस्करी का आरोपी रिमांड पर लिया

रेवाड़ी। नशा तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किए गए युवक को कोर्ट में पेश करने के बाद तीन दिन के रिमांड पर लिया गया है।
नारकोटिक्स सेल ने उष्मापुर निवासी जितेंद्र उर्फ जीतू को 7.19 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया था। उससे नशा सप्लाई करने वाले लोगों का पता लगाने के लिए तीन दिन के रिमांड पर लिया गया है। आरोपी के खिलाफ थाना सदर में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कराया गया था।

ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत

रेवाड़ी। पाली रेलवे फाटक के निकट वीरवार को ट्रेन की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। जीआरपी ने शव को कब्जे में लेने के बाद सामान्य अस्पताल के शव गृह में रखवा दिया। जीआरपी के अनुसार करीब 40 वर्षीय महिला की पाली फाटक के पास ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। जीआरपी ने शव की शिनाख्त कराने के प्रयास किए, लेकिन मृतका की पहचान नहीं हो सकी।

कोर्ट से घोषित पीओ चढ़ा पुलिस के हत्थे

रेवाड़ी। सीआईए की टीम ने कोर्ट से घोषित किए हुए एक पीओ को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी के खिलाफ सिटी थाने में केस दर्ज किया गया था।
चेक बाउंस मामले में राजस्थान के बीरनवास निवासी विकास को कोर्ट ने पीओ घोषित कर दिया था।

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 पर हुआ कार्यक्रम

बारहवीं में कंपार्टमेंट वाले विद्यार्थी भी कॉलेज में एडमिशन के पात्र, जून-जुलाई में होंगे एग्जाम

- डा. तेजसिंह डीन ऑफ कॉलेज आईजीयू मीरपुर कार्यक्रम में रिसोर्स पर्सन थे

हरिभूमि न्यूज ⏭रेवाड़ी

आरडीएस पब्लिक गर्ल्स कॉलेज व राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में वीरवार को एनईपी-2020 पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डा. वीपी यादव चेयरमैन बोर्ड ऑफ स्कूल एजुकेशन हरियाणा भिवानी थे तथा प्रोफेसर अर्चना सूटा जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी, महेंद्र सिंह खनगवाल जिला शिक्षा अधिकारी, समाजसेवी एमपी गोयल एवं मुकेश भट्टेवाला प्रधान आरडीएस कॉलेज प्रबंधकारिणी समिति विशिष्ट अतिथि थे। डा. सुनीता यादव हेड डिपार्टमेंट ऑफ इंगलिश आरडीएस कॉलेज एवं डा. तेजसिंह डीन ऑफ कॉलेज आईजीयू मीरपुर कार्यक्रम में रिसोर्स पर्सन थे। उन्होंने एनईपी-2020 के विषय में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इससे लाभांवित होकर छात्राएं महाविद्यालय में प्रवेश के लिए समय रहते अपने विषयों के चुनाव कर सकेंगी।

रेवाड़ी। कार्यक्रम में अतिथियों का सम्मान करते आयोजक। फोटो :हरिभूमि

- कार्यक्रम के दौरान उपस्थित वक्ताओं ने छात्राओं को दी करियर संबंधी जानकारी

यह रहे मौजूद

इस अवसर पर आरडीएस कॉलेज से डा. प्रवीण कुमारी, डा. रीना कुमारी, रेणु यादव, क्रान्ति शर्मा, महाविद्यालय प्रबंध कारिणी के महासचिव प्रवीण कुमार अग्रवाल, विश्वकर्मा स्कूल की प्राचार्या श्रुति शर्मा उपस्थित थे। प्राचार्य डा. दलबीर सिंह ने सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

कंपार्टमेंट वाले विद्यार्थी 10 दिन में भरे फार्म

डा. दलबीर सिंह

कन्या विद्यालय के प्राचार्य डा. धर्मवीर यादव व आरडीएस कॉलेज के प्राचार्य डा. दलबीर सिंह यादव ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने छात्राओं के हित को ध्यान में रखते हुए की गई इस दूरदर्शी पहल की प्रसंशा की व उनका मनोबल बढ़ाया। प्राचार्य डा. दलबीर सिंह ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के लागू होने पर विश्वविद्यालय को बधाई दी। उन्होंने प्लस टू पास आउट छात्राओं को कॉलेज में एडमिशन के लिए सभी आवश्यक कागजात व कोर्सेज की जानकारी दी। डा. तेज सिंह ने बताया कि बारहवीं में, जिन विद्यार्थियों की कंपार्टमेंट आई है वह भी कॉलेज में एडमिशन के पात्र हैं। प्राचार्य धर्मवीर ने बताया कि जिन छात्रों के कंपार्टमेंट आई है, वह 10 दिन के अंदर-अंदर कंपार्टमेंट के फॉर्म भर दें, उनके एग्जाम जून या जुलाई में आयोजित होंगे। छात्र-छात्राएं कंपार्टमेंट और पूर्ण अंक विशेष सुधार के फॉर्म भर सकते है। सुनीता हेड ऑफ इंग्लिश डिपार्टमेंट ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की विशेषताओं के बारे में बताया। प्रिंसिपल अर्चना सूटा ने बताया कि एनईपी 2020 के कारण बहुत से परिवर्तन आए हैं। मंच संचालन मिथलेश यादव ने किया। कमेटी सदस्य डा. चेतना मुद्गिल ने कार्यक्रम में सहयोग दिया। डा. बबीता यादव ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

रेवाड़ी। मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

राजकीय स्कूल के मेधावी विद्यार्थी हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज. बावल

- 59 विद्यार्थियों में से 32 विद्यार्थियों ने मेधा सूची में नाम दर्ज कराया
- छात्रा तनीषा ने 443 अंक लेकर स्कूल में प्रथम, कृष्ण ने 427 अंक लेकर द्वितीय व प्रिया ने 420 अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बगथला का हरियाणा शिक्षा बोर्ड दसवीं कक्षा का परिणाम शत प्रतिशत रहा। वीरवार को प्राचार्यामंजू बाई की अध्यक्षता में आयोजित सम्मान समारोह में मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

प्राचार्या ने बताया कि विद्यालय के 59 विद्यार्थियों में से 32 विद्यार्थियों ने मेधा सूची में नाम दर्ज कराया है,जिसका श्रेय सभी अध्यापकों व अभिभावकों को जाता है। विद्यालय की छात्रा तनीषा ने 443 अंक लेकर स्कूल में प्रथम, कृष्ण ने 427 अंक लेकर द्वितीय व प्रिया ने 420 अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्या व स्टाफ सदस्यों ने मेधावी बच्चों को 15000 की नकद राशि इनाम स्वरूप दी। स्टाफ सचिव डा. नूतन ने सभी बच्चों को प्रोत्साहित किया। प्राध्यापक विनोद कुमार ने कहा कि अगर लक्ष्य निर्धारित करके चले तो मंजिल जरूर मिलती है। समारोह में वरिष्ठ प्राध्यापक विमल यादव, सुशीला देवी, पुष्पा कुमारी, राजबाला देवी, कमलेश मलिक, सुरेश कुमार, राजेंद्र कुमार, हर्ष कुमार, राजेश, योगिता व प्रमिला मौजूद थे।

पांच लाख का लोन देने के बहाने बनाया शिकार

- मोबाइल पर एक लिंक आया था लिंक पर क्लिक करने के बाद शुरू हुआ ठगों का खेल

हरिभूमि न्यूज ⏭रेवाड़ी

मालपुरा में रहने वाले एक युवक को पांच लाख रुपये का लोन देने के बहाने साइबर ठगों ने हजारों रुपये ठगी का शिकार बना दिया। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है। मूल यूपी निवासी प्रदीप चौहान एक कंपनी में कार्यरत है। वह मालपुरा में किराए के मकान में रहता है। उसने सेक्टर-6 थाना पुलिस को दर्ज शिकायत में बताया कि 11 मई को उसके पास मोबाइल पर एक लिंक आया था। लिंक पर क्लिक करने के बाद उसके पास एक फोन आया। फोन करने वाले ने अपना नाम पंकज बताया था। बातचीत करते हुए उसने बताया कि वह 5 लाख रुपये का लोन लेना चाहता है। उसने आधे घंटे बाद बात करने के लिए कहा। आधे घंटे बाद उसने फोन करते हुए कहा कि वह आधार कार्ड, पेन कार्ड व चेक की फोटो व्हाट्सएप पर भेज दे। उसने यह दस्तावेज भेज दिए। साइबर ठग दस्तावेज हासिल करने के बाद ठगी का ऐसा खेल शुरू किया, जिससे प्रदीप हजारों रुपये गंवा बैठा।

रेवाड़ी। पुलिस लाइन स्थित साइबर थाना। फोटो : हरिभूमि

इसके बाद उलझाया ठगों ने जाल में

साइबर ठग ने उसका लोन पास होने की बात कहते हुए उससे फोन-पे पर 1800 रुपये फीस भेजने को कहा। उसने यह राशि डाल दी। इसके बाद लोन की राशि खाते में डालने के खर्च के रूप में 6580 रुपये डलवा लिए। जब उसने फोन करने वाले कहा कि लोन की राशि डाल दो, तो उसने कहा कि ट्रांजेक्शन नहीं हो रही है। उसे 9999 रुपये और डालने होंगे। उसने यह राशि भी डाल दी। उससे कई बार ट्रांजेक्शन कराते हुए 86574 रुपये ऐंठ लिए। बाद में फोन करने वाले ने कहा कि न तो उसे लोन मिलेगा और न ही जमा कराए गए रुपये। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद उन खातों की पहचान शुरू कर दी, जिसमें यह राशि ट्रांसफर हुई है।

भाजपा सरकार ने प्रदेश को महंगाई, बेरोजगारी नशे और अपराध के गर्त में धकेला : दीपेन्द्र

हरिभूमि न्यूज ⏭झज्जर

कांग्रेस के रोहतक लोकसभा प्रत्याशी दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि भाजपा के शासन का अंत निश्चित हो गया है। आज हरियाणा के जन-जन की जुबान पर एक ही बात है कि 25 मई भाजपा गई। उन्होंने कहा भाजपा सरकार ने प्रदेश को महंगाई, बेरोजगारी, नशे और अपराध के गर्त में धकेल दिया है। उन्होंने इलाके की मंजूरशुदा परियोजनाओं के प्रदेश से बाहर जाने या ठप होने पर रोष जताते हुए कहा कि आज अगर कांग्रेस सरकार होती तो एम्स-2 और राष्ट्रीय कैंसर संस्थान की तरह बाढसा एम्स के बाकी बचे 10 संस्थान भी तैयार हो चुके होते। इस दौरान विधायक कुलदीप वत्स मौजूद रहे।

दीपेन्द्र हुड्डा ने वीरवार को बदली हलके के गांव सिलानी केशो, सिलानी जालिम, सिलाना, सुलोधा, गिजाडोद, रायपुर, किरडोड, दादनपुर, चांदपुर, माछरौली, भटेडा, घाटोली, काहडी, ढाणी सैनियान, खेड़ी सुल्तान, अमादलपुर, खुड्डन, असदपुर खेड़ा, अहरी, कोका, कुलाना, पाटोदा, खेड़ा पाटोदा, लुहारी आदि इलाकों में चुनाव प्रचार किया और कांग्रेस के पक्ष में मतदान की अपील की। उन्होंने बताया कि अपने कार्यकाल में बादली, झज्जर, बहादुरगढ़, महम, कोसली, रोहतक, कलानौर, सांपला समेत 17 शहरों में बाइपास बनवाए और छुछकवास, मातन, सुबाना और बेरी का बाइपास एनसीआर प्लानिंग बोर्ड से मंजूर करा दिया था। लेकिन 10 साल में बीजेपी सरकार 4 मंजूरशुदा बाइपास भी नहीं बनवा पाई।

झज्जर। जनसभा को सम्बोधित करते हुए दीपेंद्र हुड्डा।

आज नहर में पहुंचेगा पानी, दो दिन बाद शहर में होगी नियमित पेयजल सप्लाई

हरिभूमि न्यूजः महेंद्रगढ़

- 28 अप्रैल से एक दिन छोड़ एक दिन दी जा रही सप्लाई
- अधीरा बूस्टिंग स्टेशन की समस्या का भी हुआ समाधान

जवाहर लाल कैनाल में शुक्रवार को नहरी पानी आना शुरू हो जाएगा। वहीं जनस्वास्थ्य विभाग की ओर से दो दिन बाद शहर में नियमित पेयजल सप्लाई शुरू कर दी जाएगी। बता दें कि जवाहर लाल कैनाल को दक्षिण हरियाणा संजीवनी माना जाता हैं। जवाहरलाल कैनाल नहर के माध्यम से रेवाड़ी व महेंद्रगढ़ जिला में पेयजल सप्लाई की जाती है। दोनों जिले केवल नहरी पानी पर निर्भर हैं। नहरी पानी का शेड्यूल पहले 16-16 दिन का था। यानी 16 दिन नहर में पानी आता था और 16 दिन नहर बंद रहती थी। दो साल से शेड्यूल 16-24 का हो गया है। अब 16 दिन नहर में पानी आता है और 24 दिन बंद रहता है। नहर में पानी बंद होने के बाद जनस्वास्थ्य विभाग की ओर से 28 अप्रैल से राशनिंग शुरू की गई थी। शहर के लोगों को एक दिन छोड़कर एक दिन पानी मिल रहा था। गर्मी के मौसम पानी की डिमांड अधिक होने के कारण शहर के लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था।

महेंद्रगढ़ शहर में बनाए गए है चार टैंक

जनस्वास्थ्य विभाग की ओर से गांव देवास में 85 लाख लीटर पानी की क्षमता के चार टैंक बनाए गए हैं। शहर की आबादी के हिसाब टैंक में 15 दिन का पानी स्टोर हो सकता हैं। प्रतिदिन शहर की 40 हजार की आबादी को प्रति व्यक्ति प्रतिदिन 155 लीटर पानी के हिसाब से कुल 6.45 लाख लीटर पानी की आवश्यकता होती है।

अधीरा बूस्टिंग स्टेशन की समस्या का हुआ समाधान

पिछले सप्ताह शहर के सबसे पुराने बुस्टिंग स्टेशन अधीरा मोटर जल गई थी। इससे पहले भी एक माह में तीन बार मोटर जल चुकी थी। ऐसे में शहर के चार वार्डों की करीब 10 हजार की आबादी के सामने पेयजल संकट खड़ा हो गया था। गर्मी के मौसम से मोटर खराब होने के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था।

पर्यावरण के क्षेत्र में सबसे बड़ी चिंता ग्लोबल वार्मिंग : कपूर

हरिभूमि न्यूज ⏭रेवाड़ी

वीर भगत सिंह युवा दल की ओर से निरंतर बिगड़ते पर्यावरण को लेकर वीरवार को मधुसुदन पब्लिक स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर युवा दल के प्रधान दिनेश कपूर व संरक्षक आचार्य दिलीप शास्त्री ने कहा कि आज पर्यावरण के क्षेत्र में सबसे बड़ी चिंता ग्लोबल वार्मिंग बन चुका है। पृथ्वी का वातावरण अगर इसी तरह बढ़ता रहा तो मानव मात्र के लिए बड़ा संकट आने वाला है। ग्लोबल वार्मिंग के कारण पृथ्वी के तापमान में हर वर्ष वृद्धि हो रही है, जिसके कारण तेज रफ्तार के समुद्री तूफानों के आने की संभावना बढ़ जाती है। इस भीषण समस्या से निपटने के लिए सभी देशों को मिलकर प्रयास करना होगा। इसके लिए सबसे लाभदायक है, बड़ी संख्या में पौधारोपण करना, जितनी हरियाली होगी उतना वातावरण में नमी व ऑक्सीजन बढ़ेगी। बरसात के पानी को योजनाबद्ध तरीके से धरती के अंदर एकत्रित करना होगा। इससे हम ग्लोबल वार्मिंग के बढ़ते हुए खतरे को कम कर सकते हैं। संस्था के उप प्रधान व स्कूल के प्राचार्य राहुल ने कहा कि विद्यार्थियों में बड़ी ऊर्जा होती है। विद्यार्थी समय-समय पर स्कूल, पार्क व अपने घर के लॉन में उपयोगी पौधे लगाते हैं तो ऑक्सीजन की कमी दूर होगी व गर्मी के मौसम में पेड़ों की शीतल हवा का आनंद भी मिलेगा। प्रधान कपूर ने विद्यार्थियों से उनके व्यक्तित्व संबंधी प्रश्न किए व मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। मंच संचालन अध्यापिका रेखा ने किया। संस्था की ओर से स्कूल को शहीदे आजम भगत सिंह, भारत माता, चंद्रशेखर आजाद व नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र भेंट किए गए। कार्यक्रम में प्रवक्ता देवेंद्र कुमार, भूपेंद्र कुमार, अजय, रोहित, मोनिका, सुशील, भावना, हर्षिता, वंदना, दीपा, प्रिया, कविता व ज्योति मौजूद थे।

रेवाड़ी। विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते हुए संस्था सदस्य। फोटो : हरिभूमि

हथियार उपलब्ध कराने का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭रेवाड़ी

सीआईए धारूहेड़ा की टीम ने हथियार उपलब्ध कराने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद दो दिन के रिमांड पर लिया गया है।

सीआईए की टीम ने 14 मई को धारूहेड़ा बस स्टैंड पर खड़े दिल्ली के सुरहेड़ा निवासी शशिकांत को देसी कट्टे के साथ गिरफ्तार किया था। आरोपी ने पूछताछ के दौरान बताया था कि उसे यह कट्टा डोहकी निवासी संजीव उर्फ गोलिया ने दिया था।

पुलिस ने शशिकांत से मिली सूचना के बाद आरोपी संजीव को भी गिरफ्तार कर लिया। अब उससे पूछताछ करते यह पता लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं कि हथियार सप्लाई करने वालों के तार कहां तक जुड़े हुए हैं।

रेवाड़ी। हथियार उपलब्ध कराने वाला आरोपी। फोटो : हरिभूमि

मौसम सीजन का सबसे गर्म गुरुवार, पारा पहली बार 44 डिग्री पार

झुलसाने वाली गर्मी का प्रकोप हुआ शुरू, शाम को बादलों से मामूली राहत

- मौसम विभाग के अनुसार इस बार तापमान 47 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है

हरिभूमि न्यूज ⏭रेवाड़ी

झुलसाने वाली गर्मी का प्रकोप शुरू हो चुका है। तापमान 44 डिग्री सेल्सियस पर पहुंचने के बाद लू का प्रकोप भी शुरू होने वाला है। गर्मी ने सामान्य जनजीवन पर काफी असर पड़ना शुरू हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार इस बार तापमान 47 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। बीच-बीच में आसमान में छाने वाले बादल कुछ राहत जरूर दे रहे हैं। रात का तापमान भी जल्द तेजी से बढ़ सकता है। वीरवार को सुबह से ही आसमान साफ बना रहा। तेज धूप के कारण दोपहर तक गर्मी ने लोगों का जमकर पसीना निकाला। अधिकतम तापमान इस सीजन में पहली बार 44 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। गत वर्ष 16 मई को अधिकतम तापमान 38.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। न्यूनतम तापमान 23.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रात का तापमान अभी कम चल रहा है, परंतु इसके जल्द 30 डिग्री तक पहुंचने की संभावना है। भारी गर्मी का प्रकोप शुरू होने का असर बाजार पर खूब देखने को मिल रहा है। सुबह 10 बजे के बाद बाजार से भीड़ गायब हो जाती है। दोपहर के समय दुकानदार अपनी दुकानों पर आराम फरमाते हैं। शाम के समय गर्मी का असर कम होने के बाद भीड़ नजर आने लगती है। सड़कों पर यातायात के साधन भी कम दौड़ने लगे हैं। शहर का व्यस्तत सरकुलर रोड भी दोपहर के समय खाली हो जाता है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी गर्मी का असर साफ देखने को मिलने लगा है। लोग दोपहर के समय घरों से बाहर निकलना पसंद नहीं करते, जिससे दोपहर के समय गांवों में भी सन्नाटा छाया रहता है।

रेवाड़ी। वीरवार को गर्म हवाओं से बचाव करते व्हीकल सवार।

बादलों से मिल रही मामूली राहत

दोपहर बाद तक भारी गर्मी के बीच वीरवार को शाम के समय एक बार फिर आसमान में बादल छा गए। इससे गर्मी का प्रकोप कुछ हद तक कम हो गया। मौसम विभाग के अनुसार लगभग एक सप्ताह तक तापमान में वृद्धि दर्ज की जाएगी। अधिकतम तापमान 47 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। इससे झुलसाने वाली गर्मी जमकर परेशान करेगी। इस दौरान आसमान में आंशिक बादल भी नजर आएंगे, परंतु गर्मी का प्रकोप कम नहीं होगा।

पावर कट भी कर सकते हैं परेशान

भारी गर्मी का प्रकोप शुरू होने के बाद एएसी और कूलरों का यूज बढ़ते ही बिजली की खपत बढ़ने लगी है। इस समय खपत 80 लाख यूनिट के आसपास पहुंच चुकी है। तापमान के साथ इसमें और वृद्धि होने की संभावना है। बिजली की मांग जल्द ही 100 लाख यूनिट के पार हो सकती है। मांग में भारी वृद्धि के बाद उपभोक्ताओं को बार-बार पावर कटों का सामना भी करना पड़ सकता है। पीक अवर्स में शाम के समय पावर कट ज्यादा परेशान कर सकते हैं।